निविदा संख्या– 001

# कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक–ःउ0वि0शि0प0 / सिस्टम सेल / निविदा–001 / 168 / 2019–20 दिनांकः 17 जून, 2019

## खण्ड 01 (क) ई–निविदा सूचना

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) द्वारा वर्ष 2020 की परिषदीय परीक्षाओं के संचालन हेतु प्रतिष्ठित फर्मों से परीक्षा ओ0एम0आर0, आई0सी0आर0 एवं पजीकरण ओ0एम0आर0 आवेदन पत्रों के मुद्रण कार्य हेतु उत्तराखण्ड निविदा ई–की वेबसाइट **www.uktenders.gov.in** के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं:–

| क्रमांक | कार्य विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अर्नेस्टमनी |
|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2020 के ओ0एम0आर0, आई0सी0आर0 परीक्षा आवेदन पत्रों एवं पजीकरण ओ0एम0आर0 आवेदन पत्रों का मुद्रण कर आपूर्ति का कार्य। | रू0 200=00 + G.S.T. रू0 36=00<br>रू0 236=00 (कुल रू0 दो सौ छत्तीस) | रुपया<br>35,000=00 |

(A) वेबसाइट पर निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय **दिनांक 01 जुलाई, 2019 (सोमवार) अपराह्न 05.00 बजे**

(B) तकनीकी एवं वित्तीय भाग की हार्डकापी एवं नमूनों को जमा करने की तिथि व समय **दिनांक 02 जुलाई, 2019 (मंगलवार) पूर्वाह्न 10.30 बजे**

(C) निविदा के तकनीकी भाग खुलने की तिथि व समय **दिनांक 02 जुलाई, 2019 (मंगलवार) पूर्वाह्न 11.00 बजे**

(D) निविदा के वित्तीय भाग खुलने की तिथि **दिनांक 02 जुलाई, 2019 (मंगलवार)** तकनीकी निविदा पूर्ण होने पर।

**निविदा की प्रमुख शर्ते :-**

**क –** हाईस्कूल / इण्टरमीडिएट परीक्षा का ओ0एम0आर0, आई0सी0आर0 एवं पंजीकरण ओ0एम0आर0 आवेदन पत्रों की आपूर्ति हेतु फर्म को N.S.I.C./ S.S.I. या D.I.C. से पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदादाता के पास अधिकृत प्रमाणीकरण संस्था (Certifying Authorities) द्वारा निर्गत डी0एस0सी0 (Digital Signature Certificate) होना अनिवार्य होगा।

**ख –** फर्म को E.S.I.C. (Employee State Insurance Corporation)/ P.F. (Provident Fund) से पंजीकृत होना आवश्यक है।

ग– वेबसाइट पर अपलोड की गई निविदा की हूबहू प्रतिलिपि पारम्परिक रूप में पृथक से हार्डकापी भी सीलबन्द लिफाफों में आमंत्रित की जाती है। **जो फर्म www.uktenders.gov.in पर अपनी निविदायें अपलोड नही करेंगी उनकी हार्डकापी पर प्रस्तुत निविदा स्वीकार नही की जायेंगी।**

**घ–** निविदा के साथ अर्नेस्टमनी (प्रतिभूति धनराशि) का क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट/T.D.R. के रूप में जो सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) के पदनाम से प्लेज मनी रखनी होगी। नकद अथवा किसी अन्य रूप में धनराशि मान्य नहीं होगी। बिना अर्नेस्टमनी क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट/ T.D.R. की धनराशि के तकनीकी भाग स्वीकार नहीं होगा।

**ङ –** **निविदा प्रपत्र की धनराशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ली जायेगी। बैंक ड्राफ्ट सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) के पदनाम से, जो कि भारतीय स्टेट बैंक रामनगर, शाखा कोड 00701 में देय हो जमा करना अनिवार्य है।**

**च –** निविदा शुल्क की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट **क्रमांक (ङ) के अनुसार** निविदा जमा करने से पूर्व सिस्टम सेल अनुभाग में जमा करना अनिवार्य होगा, तभी निविदा स्वीकार की जायेगी।

**छ –** जिन फर्मों के तकनीकी भाग की वांछित शर्तो के अनुसार निविदाएं स्वीकृत होंगी उन्हीं फर्मों की वित्तीय भाग की निविदाएं खोली जायेंगी।

**ज –** परिषद के सचिव को बिना कारण बताये एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

**झ–** ई–निविदा के माध्यम से तकनीकी एवं वित्तीय बिडों को ऑनलाइन अपलोड करने के लिए निविदा के विस्तृत नियम, निर्देश, शर्तें एवं आवेदन पत्र उत्तराखण्ड निविदा की वेबसाइट **www.uktenders.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं।

## खण्ड (ख) कार्य का विवरण

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर नैनीताल द्वारा संचालित वर्ष 2020 की हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं के लिए ओ0एम0आर0, आई0सी0आर0 तथा कक्षा 09 एवं अन्य कक्षाओं के लिये पंजीकरण ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र (बारकोड सहित) मुद्रण कर आपूर्ति जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| आइटम नं0 | स्टेशनरी का नाम एवं पूर्ण विवरण/आवेदन पत्रों का नाप व कागज का GSM | आवेदन पत्रों की संख्या | आपूर्ति की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट (संस्थागत एवं व्यक्तिगत) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्रों एवं पजीकरण ओ0एम0आर0 आवेदन पत्रों का बार कोड सहित मुद्रण कर आपूर्ति का कार्य।<br>21X30Cm (A-4) Size 110 GSM | हाईस्कूल संस्थागत- 165000<br>हाईस्कूल व्यक्तिगत- 8000<br>इण्टर संस्थागत- 135000<br>इण्टर व्यक्तिगत- 10000<br>पंजीकरण- 170000 | 30-07-2019 |
| 02 | हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट (संस्थागत एवं व्यक्तिगत) आई0सी0आर0 आवेदन पत्रों का मुद्रण कर आपूर्ति का कार्य।<br>21X30Cm (A-4) Size 80 GSM | हाईस्कूल संस्थागत- 330000<br>हाईस्कूल व्यक्तिगत- 16000<br>इण्टर संस्थागत- 270000<br>इण्टर व्यक्तिगत- 20000 | |

**नोटः- संस्थागत व व्यक्तिगत के ओ0एम0आर0, आई0सी0आर0 एवं पंजीकरण ओ0एम0आर0 आवेदन पत्रों के मुद्रण में भिन्नता है।**

## खण्ड (ग) निविदा के विशेष निर्देश

हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट एवं पंजीकरण परीक्षा का ओ0एम0आर0 व आई0सी0आर0 आवेदन पत्र की आपूर्ति हेतु फर्म को N.S.I.C./ S.S.I. या D.I.C. से पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदादाता के पास अधिकृत प्रमाणीकरण संस्था (Certifying Authorities) द्वारा निर्गत डी0एस0सी0 (Digital Signature Certificate) होना अनिवार्य होगा तथा फर्म को E.S.I.C. (Employee State Insurance Corporation)/ P.F. (Provident Fund) से पंजीकृत होना आवश्यक है।

फर्म को ई-टेण्डरिंग में दिये गये सभी तकनीकी भाग से सम्बन्धित दस्तावेजों को स्वयं अभिप्रमाणित करके, स्कैन कर उन्हें पी0डी0एफ0 फारमेट में तैयार कर अपलोड करना होगा। वेबसाइट द्वारा जो-जो दस्तावेज माँगे जाये, कृपया उन्हें ही अपलोड किया जाय। **उक्त तकनीकी एवं वित्तीय सूचनाओं की हार्ड कापी अलग-अलग लिफाफों में सील कर एक बडे लिफाफे में रखकर उस पर लाल रंग से मोटे अक्षरों से निविदा संख्या 001 अंकित कर उसे सचिव, उ0वि0शि0प0, रामनगर (नैनीताल) को दिनांक 02-07-2019 को पूर्वाहन् 10.30 बजे से पूर्व प्राप्त कराना आवश्यक होगा।**

उक्त निविदा के तकनीकी सूचनाओं से सम्बन्धित लिफाफे की हार्ड कापी/वेबसाइट की कापी को **उसी दिन दिनांक 02-07-2019 बजे पूर्वाहन् 11.00 बजे तक उपस्थित निविदा दाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।** इसके पश्चात् तकनीकी रूप से अर्ह पायी गयी फर्मों के वित्तीय लिफाफे की हार्ड कापी/वेबसाइट की कापी उसी दिवस को तकनीकी निविदा का कार्य पूर्ण होने पर खोला जायेगा तथा नियमानुसार न्यूनतम दर निर्धारण की कार्यवाही की जायेगी। **जो फर्म ई-निविदा वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर अपनी निविदाएं अपलोड नहीं करेंगी उनकी हार्ड कापी पर प्रस्तुत निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी। सम्बन्धित ऐसे फर्मो का इस सम्बन्ध में कोई भी प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

जो–जो तकनीकी सूचनाएं ई–निविदा में अपलोड की गई हैं वे एक मुहर बन्द लिफाफे में रखी जायें। इस लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में **'प्रथम भाग– तकनीकी सूचना'** लिखा जायेगा। साथ में फर्म का नाम, पता व मुहर भी अंकित होगी। इसी लिफाफे में **नमूना प्रति का लिफाफा और निर्धारित अर्नेस्टमनी का बैंक ड्राफ्ट** भी रखा जायेगा। **नमूनों के पेपर पर सम्पूर्ण फर्म की मुहर व हस्ताक्षर सहित विवरण अंकित किया जाय।**

**सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् द्वारा लिया गया निर्णय सभी फर्मों को स्वीकार्य होगा।**

उपर्युक्त दोनों लिफाफों (तकनीकी व वित्तीय) को एक बड़े लिफाफे में रखा जायेगा तथा इस बड़े लिफाफे को भी मुहरबन्द करके **02–07–2019 बजे पूर्वाहन् 10.30 बजे तक** अथवा इससे पूर्व सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल) के नाम से प्राप्त कराया जायेगा।

प्राप्त निविदाओं के प्रथम भाग (तकनीकी भाग का लिफाफा) का लिफाफा उसी दिन **02–07–2019 को पूर्वाहन् 11.00 बजे खोला जायेगा।** फर्मों से प्राप्त तकनीकी सूचनाओं की जाँच के उपरान्त उपयुक्त पाई गई फर्मों के ही वित्तीय लिफाफे (द्वितीय भाग वित्तीय सूचना के लिफाफे) खोले जायेंगे। अनुपयुक्त पाई गई फर्मों के वित्तीय लिफाफे नहीं खोले जायेंगे एवं इन फर्मों के टेण्डर अस्वीकार कर दिये जायेंगे। सम्बन्धित फर्मों से इस निर्णय के विरुद्ध कोई प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। **सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) प्राप्त निविदाओं में से बिना कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।**

## खण्ड (घ) निविदा की मुख्य शर्ते

1– सशर्त निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।

2– निविदा सम्बन्धी समस्त कार्यवाही उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रोक्योरमेंट) संशोधित नियमावली 2017 के प्राविधानों के अनुसार की जायेगी।

3– **नमूनों का निरीक्षण** :– आपूर्ति किये जाने वाले नमूनों का निरीक्षण तथा विस्तृत विवरण की जानकारी कार्यालय, सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल) के **सिस्टम सेल अनुभाग** में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं।

4– **नमूने दाखिल करने का निर्देशः– निविदा के साथ प्रत्येक आइटम के नमूने का एक सैट (निर्धारित विवरण के अनुरुप) अवश्य संलग्न किया जाय। बिना नमूने के निविदा स्वीकार नहीं होगी।** फर्म द्वारा संलग्न नमूनों पर फर्म का नाम व पता अंकित किया जायेगा। प्रत्येक नमूने के साथ ट्विन (Twin) धागे से एक स्लिप नत्थी की जायेगी। इस स्लिप पर फर्म का नाम पता अंकित किया जायेगा। **नत्थी के स्थान पर तथा धागे की गाँठ पर लाख लगाकर फर्म द्वारा हस्ताक्षर कर सील लगा दी जायेगी।** ये नमूने एक अलग लिफाफे में रखे जायेंगे जिस पर मोटे अक्षरों में **'नमूनों का लिफाफा'** लिखा जायेगा। नमूने के इस लिफाफे को तकनीकी सूचना के लिफाफे में रखा जायेगा।

5– **फर्म द्वारा आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की पैकिंग वाटरप्रूफ तथा डेमेज प्रूफ कारोगेटेड बाक्स में की जायेगी।**

6– आवेदन पत्रों की वांछित संख्या आवश्यतानुसार घटाई अथवा बढ़ाई जा सकती है।

7– आपूर्तिकर्ता फर्म ओ0एम0आर0 एवं आई0सी0आर0 आवेदन पत्रों का आर्टवर्क निर्धारित समय से बनाकर सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर, नैनीताल से अनुमोदित करायेगी। इस हेतु अलग से कोई धनराशि फर्म को देय न होगी। इस प्रकार फर्म द्वारा बनवाया गया आर्टवर्क परिषद् कार्यालय की आवश्यकताओं के अनुरूप न पाये जाने पर इसे निरस्त भी किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में परिषद कार्यालय स्वयं आर्ट वर्क बनवाकर देगा, जिसका सम्पूर्ण व्यय आपूर्तिकर्ता फर्म को वहन करना होगा। आर्ट वर्क परिषद् की सम्पत्ति होगी। फर्म आर्ट वर्क की सी0डी0 परिषद् को उपलब्ध करायेगा। इस हेतु कोई धनराशि देय नहीं होगी।

8— आदेशित फर्म में परीक्षा/पंजीकरण ओ0एम0आर0/आई0सी0आर0 आवेदन पत्र तैयार हो जाने की सूचना प्राप्त होने पर आपूर्ति से पूर्व ओ0एम0आर0/आई0सी0आर0 आवेदन पत्र का निरीक्षण फर्म के कार्यस्थल पर परिषद कार्यालय के अधिकारी द्वारा किया जायेगा और अनुमोदन के उपरान्त आपूर्ति प्रारम्भ की जायेगी।

9— आपूर्तिकर्ता फर्म को आवेदन पत्रों की आपूर्ति पूर्व निर्धारित समय सारणी के अनुसार उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) कार्यालय में समन्वय अनुभाग तथा पंजीकरण अनुभाग को अपने व्यय पर करनी होगी। परिषद् के सचिव की पूर्वानुमति बिना निर्धारित समय के उपरान्त आपूर्ति किये जाने की स्थिति में फर्म के बिल से क्षतिपूर्ति हेतु सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) द्वारा **500 रु0 प्रतिदिन** की दर से कटौती की जायेगी।

10— **निर्देशानुसार आवेदन पत्रों की आपूर्ति एक बार कर देने के पश्चात् परीक्षा आवेदन पत्रों की आपूर्ति माँग के अनुसार और भी कई चरणों में करनी पड़ सकती है। फर्म को 31 जुलाई, 2019 तक पूरक माँग हेतु कार्यादेश दिया जा सकता है। अतः फर्म को 15 अगस्त, 2019 तक वाछित समस्त स्टेशनरी उसी दर एवं उन्हीं वर्णित शर्तों पर आपूर्ति करनी होगी।**

11— आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र के मुद्रण तथा आपूर्ति की अवधि में यदि परिषद् के सचिव अनुभव करते हैं कि फर्म के कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं है या मुद्रित की जा रही आवेदन पत्र की गुणवत्ता या कार्य कुशलता निर्धारित स्तर के मानक के अनुसार नहीं है तो वे फर्म से कार्य वापस ले सकते हैं तथा एक सप्ताह का लिखित नोटिस देकर उस फर्म के अनुदानित कार्य को अन्य फर्म को दे सकते है। ऐसी स्थानापन्न स्थिति में होने वाला अतिरिक्त व्यय पूर्व स्वीकृत फर्म को देना होगा।

12— किसी भी वाद हेतु न्यायालयी क्षेत्राधिकार रामनगर (नैनीताल) होगा।

## खण्ड (ङ) तकनीकी बिड (Technical Bid)

1— तकनीकी बिड के साथ निम्नवत् आवश्यक अभिलेख/प्रमाण पत्र क्रमानुसार Upload कर संलग्न करने होंगे। समस्त अभिलेख/प्रमाण पत्रों को संलग्न नहीं करने की स्थिति में निविदा स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।

2— निविदादाता को विगत तीन से पांच वर्ष तक का स्टेशनरी आपूर्ति करने का अनुभव हो। प्रमाण पत्र संलग्न करें।

3— विगत वर्ष का (2017—18 का) आयकर रिटर्न के मूल प्रमाण पत्र की पठनीय सत्यापित फोटो प्रति, जिसमें स्थाई आयकर खाता (Permanent Account Number) संख्या का उल्लेख हो। संलग्न करना होगा।

4— G.S.T. पंजीकरण प्रमाण पत्र। संलग्न करना होगा।

5— निम्नलिखित बिन्दुओं के लिये नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र संलग्न करना होगा। जिसमें स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया गया हो कि समस्त सूचनाएँ प्रत्येक दशा में सत्य है और ऐसी कोई भी सूचना, जो देना आवश्यक था, छिपाई नही गई है। यदि कोई भी सूचना छिपाई जाती है तो सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् द्वारा जो भी विधिक कार्यवाही की जायेगी वह निविदादाता को मान्य होगी।

- किसी भी सरकारी विभाग से किसी भी प्रकार का विधिक विवाद नहीं हुआ हो तथा न चल रहा हो।
- फर्म को किसी भी बोर्ड द्वारा काली सूची में दर्ज न किया गया हो और न ही उसकी सुरक्षा धनराशि जब्त की गई हो।

6— तकनीकी बिड की नमूना प्रतियों को कार्यालय—सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल) पिन कोड़ 244715 के पते पर उपलब्ध करवाना होगा। निर्धारित अन्तिम तिथि के बाद लिफाफा प्राप्त होने पर ई—निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। **लिफाफे के ऊपर दाहिनी ओर लाल रंग के मोटे अक्षरों में ई—निविदा "परीक्षा वर्ष 2020 ओ0एम0आर0/आई0सी0 आर0 आवेदन पत्र हेतु निविदा संख्या 001" अनिवार्य रूप से अंकित करें।**

- (एक) निविदा प्रपत्र शुल्क
- (दो) अर्नेष्ट मनी (EMD)
- (तीन) कागज के नमूनों के लिये निर्धारित कागज का GSM एवं नाप जो कि मुहरबंद टैग द्वारा बंधी हो तथा टैग पर निविदादाता की मोहर सहित हस्ताक्षर किये गये हो, उपलब्ध करानी होगी।


ALL File 2019-2020/E TERNDER 2019/OMR 2019/OMR & ICR DATA PROCESSING -2019

## खण्ड (च) द्वितीय भाग–वित्तीय भाग (Finanical Bid)

1– निविदादाता द्वारा आवेदन पत्र स्टेशनरी आपूर्ति कार्य हेतु ई–टेण्डरिंग में निर्धारित किये गये प्रारूप पर दरें भाग–2 प्रपत्र (ख) वित्तीय सूचना (Financial Bid) के Financial Document (BOQ) पर दी जायेंगी।

2– वित्तीय बिड में प्रति ओ0एम0आर0 एवं प्रति आई0सी0आर0 आवेदन पत्र की दर For Destination आपूर्ति की दर (निविदा की मुख्य शर्त के बिन्दु संख्या 9 एवं 10 के अनुसार) समाहित हो सहित दी जानी है।

## खण्ड (छ) द्वितीय भाग–वित्तीय सूचना

1– उपर्युक्त वर्णित नियमों एवं शर्तों के अधीन तथा भुगतान की निम्नलिखित प्रक्रिया का अध्ययन कर परिषद के आर्टवर्क के अनुरूप निर्मित आवेदन पत्रों की स्टेशनरी की दर सभी करों सहित जिसमें सेवाकर भी सम्मिलित है (प्रति ओ0एम0आर0 एवं प्रति आई0सी0आर0 आवेदन पत्र) अंकित की जाये।

2– आपूर्ति की गई स्टेशनरी के मूल्य का 90% भुगतान सम्बन्धित फर्म को ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र स्कैनिंग का कार्य सन्तोषजनक होने की स्थिति में नियमानुसार कर कटौती के उपरान्त किया जायेगा। अवशेष 10% राशि का भुगतान स्टेशनरी के संतोषजनक आपूर्ति तथा सभी शर्तो को पूर्ण करने के उपरान्त ही किया जायेगा। अतः उक्तानुसार ही बिल प्रस्तुत किये जायें।

3– आपूर्तिकर्ता फर्म को निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध–पत्र रुपया 100.00 के नान जुडिशियल स्टैम्प पेपर पर हस्ताक्षरित करना होगा।

4– फर्म कार्यादेश पाने के एक सप्ताह के अन्दर कार्य के कुल मूल्य के दस प्रतिशत के बराबर जमानत की धनराशि बैंक गारन्टी/एकाउन्ट पे बैंक ड्राफ्ट/सावधि जमा रसीद के रूप में कार्य सम्पादित करने हेतु जमा करेगी।

5– कार्यपूर्ति धरोहर आपूर्तिकर्त्ताओं/निविदादाताओं के संविदा से सम्बन्धित सभी दायित्वों को जिनमें वारंटी सम्बन्धी दायित्व सम्मिलित हैं, पूर्ति करने की अवधि के दिवस से 60 दिन बाद तक वैध होना आवश्यक है। किसी भी दशा में निश्चित की जाने वाली राज्यपाल उत्तराखण्ड को देय किसी भी धनराशि की वसूली उक्त जमानत की धनराशि से की जायेगी तथा उसके प्रति सचिव द्वारा लिखित नोटिस दिये जाने के पन्द्रह दिनों के अन्दर ठेकेदार उक्तवत हुई कमी की पूर्ति करेगा ठेकेदार को जमानत की राशि की वापसी ठेके का कार्य पूर्णतः सन्तोषजनक एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हो जाने के छः माह के पश्चात की जायेगी।

6– आपूर्तिकर्ता फर्म के भुगतान किये जाने वाले सभी देयकों से तत्समय निर्धारित दर पर आयकर की कटौती की जायेगी।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद
रामनगर (नैनीताल)।

# भाग–2 प्रपत्र–(क) तकनीकी सूचना (Technical Bid)

| निविदादाता का फोटो स्वयं द्वारा प्रमाणित |
|---|

1– निविदादाता का नाम ..............................................................................

फर्म का पता ..........................................................................................

फोन नं0 कार्यालय ......................................मो0न0..............................

आई0डी0 ..........................................................................................

2– फर्म के कार्यस्थल का पता ..........................................................................................

3– फर्म की स्थापना/रजिस्ट्रेशन का माह तथा वर्ष ..........................................................

4– 03 वर्ष से 05 वर्ष तक का स्टेशनरी आपूर्ति का अनुभव ..........................................................

..........................................................................................................................................

5– फर्म का स्वरूप (एकल, संयुक्त, प्राइवेट, पब्लिक लिमिटेड/संस्था) साथ में **स्वामित्व का प्रमाण पत्र एवं पंजीकरण प्रमाण पत्र** भी संलग्न करें।

6– विगत 02 वर्षों का टर्न ओवर (पृथक–पृथक औसतन 20.00 लाख) तक।
चार्टर्ड एकाउन्टेंट द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न करें।

7– आयकर का वर्ष 2017–18 भुगतान सम्बन्धी प्रमाण पत्र (आयकर रिटर्न सम्मिलित किया जाय)

..........................................................................................................................................

- स्थाई आयकर खाता संख्या (Parmanant Account Number) ..............................................

8– G.S.T. पंजीकरण संख्या..........................................................................................

9– **धरोहर राशि (EMD) का विवरण** (भारतीय स्टेट बैंक रामनगर, शाखा कोड 00701 जनपद नैनीताल में देय हो)

- बैंक ड्राफ्ट/T.D.R का विवरण

  दिनांक सहित ..........................................................................................

- धनराशि अंको में रू0......................... शब्दों में रू0 ..................................................

- बैंक का नाम व शाखा ..........................................................................................

10— **निविदा प्रपत्र का मूल्य विवरण** (भारतीय स्टेट बैंक रामनगर, शाखा कोड 00701 में देय हो)

- डी0डी0 नम्बर व दिनांक ...............................................................................................
- धनराशि ..........................................................................................................................
- बैंक का नाम व शाखा ....................................................................................................

11— निविदादाता फर्म के रजिस्टर्ड होने के प्रमाण स्वरूप फर्म की निविदा के साथ N.S.I.C./ S.S.I. या D.I.C. में पंजीकरण होने का प्रमाण पत्र संलग्न करें।

- फर्म को E.S.I.C. (Employee State Insurance Corporation)/ P.F. (Provident Fund) में पंजीकरण का प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न किया जाये।

12— तकनीकी बिड में संलग्नकों की संख्या ................................................................................................

13— अन्य कोई विवरण ..........................................................................................................................

मैं ..........................................................मैसर्स ........................................................................................

............................का मालिक/............................................................प्रतिशत साझेदार/हिस्सेदार हूँ। इस निविदा की समस्त कार्यवाही को पूर्ण करने एवं समस्त औपचारिकता के प्रति मेरा पूर्ण उत्तरदायित्व है। उपरोक्त समस्त सूचना पूर्णतया सत्य है। इससे सम्बन्धित कोई सूचनाएँ छिपाई नहीं गई हैं। यदि कोई सूचना असत्य अथवा अपूर्ण पायी जाती है तो उसके लिए मैं स्वयं/हमारी फर्म उत्तरदायी रहेगी।

**दिनांक** .........................

**मालिक/प्रबन्धक के हस्ताक्षर**

**नोट— संलग्नक फ्लैग के साथ उक्त क्रमानुसार संलग्न करें।**

**नाम** ......................................................

**फर्म की मुहर—**

# भाग–2 प्रपत्र (ख) वित्तीय सूचना (Financal Bid)

निविदादाता का नाम ..............................................................................................

फर्म का पता ..............................................................................................

फोन नं0 कार्यालय ..............................................मो0न0..................................................

ई–मेल आई0डी0 ..............................................................................................

**आइटम नम्बर 1 एवं 2 हेतु अंकित विवरण के अनुसार ओ0एम0आर0 एवं आई0सी0आर0 परीक्षा आवेदन पत्र स्टेशनरी मुद्रण एवं आपूर्ति की दर निम्न प्रकार से प्रस्तुत की जायेंगी–**

| **आइटम नम्बर** | **स्टेशनरी का नाम** | प्रति आवेदन पत्र दर @ | **G.S.T** | **G.S.T. सहित कुल दर अंको एवं शब्दों में** |
|---|---|---|---|---|
| **1** | हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट (संस्थागत एवं व्यक्तिगत) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्रों का बार कोड सहित मुद्रण कर आपूर्ति का कार्य (हाईस्कूल संस्थागत– 165000, हाईस्कूल व्यक्तिगत– 8000, इण्टर संस्थागत–135000, इण्टर व्यक्तिगत–10000) तथा पंजीकरण ओ0एम0आर0 170000 कुल 488000 आवेदन पत्र। | रु0............ | रु0.......... | रु0.................... |
| **2** | हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट (संस्थागत एवं व्यक्तिगत) आई0सी0आर0 आवेदन पत्रों का मुद्रण कर आपूर्ति का कार्य (हाईस्कूल संस्थागत–330000, हाईस्कूल व्यक्तिगत–16000, इण्टर संस्थागत– 270000, इण्टर व्यक्तिगत– 20000) कुल 636000 आवेदन पत्र। | रु0............ | रु0.......... | रु0.................... |

दिनांक ......................

**निविदा दाता के हस्ताक्षर–**

**फर्म का नाम–**